


# BCL

Business Connect Lucknow




# BCL क्या?, क्यों?, कैसे?

BCL क्या है? हम इससे क्यों जुड़े? BCL से जुड़ने के बाद हमारा व्यवसाय कैसे बढ़ेगा ? आदि कई सवाल जो आप सभी के मन मे होना स्वाभाविक है।



BCL व्यापारियों का वह संगठन है जिसमें न सिर्फ लखनऊ बल्कि नेशनल और इंटरनेशनल स्तर के Business संगठनों की उन तमाम अच्छाईयों को शामिल किया गया है जिससे आपको एक ऐसा प्लेटफार्म दिया जा सके और आपके Business को बढ़ाया जा सके।



BCL का उद्देश्य आप सभी के व्यापार को न सिर्फ बढ़ाना बल्कि शहर के लाखों लोगों तक पहुचाना है।

BCL में एक चैप्टर में एक सेगमेंट से मात्र एक व्यापारी को ही शामिल किया जाएगा।

BCL का मुख्य उद्देश्य है कि एक प्लेटफार्म पर शहर की जनता को सभी सुविधाएं उचित दरों पर मिल सके।



किसी भी सदस्य को गेस्ट लाने का दबाव नही होगा, हा यदि कोई BCL सदस्य किसी गेस्ट को लाना चाहता है तो BCL बोर्ड को पूर्व में सूचित करेगा और बोर्ड द्वारा गेस्ट को मीटिंग में लाने की तिथि दी जाएगी जिस तिथि पर BCL सदस्य अपने गेस्ट को ला सकते है और उनसे फूडिंग चार्जेज नही लिया जाएगा लेकिन इस बात का ध्यान रखना होगा कि वह सदस्य जिस सेगमेंट में आना चाहते है वह खाली है कि नही।

बैठकों में आप सभी को अपनी बात साधारण तरीके से कहने का अधिकार होगा, हिंदी में बात करने की प्राथमिकता होगी बाकी आप हिंदी इंग्लिश मिक्स में अपनी बात उन साधारण तरीके से सरल भाषा मे रख सकते है जो सभी के समझ मे आ जाये।

एक दूसरे को Business देने वालो को  प्रोत्साहित और सम्मानित किया जाएगा।





अक्सर देखा जाता है कि एक व्यक्ति का एक से अधिक भी व्यापार होते है लेकिन एक सेगमेंट में सिर्फ BCL सदस्य अपने सिर्फ उस एक ही व्यापार को प्रमोट करेंगे जिसका आपने रजिस्ट्रेशन किया होगा, दूसरे विजनेश को हम प्रमोट नही कर सकेंगे क्योकि हो सकता है उस सेगमेंट का कोई दूसरा व्यक्ति ग्रूप में हो, ऐसे में दूसरे BCL सदस्य का Business प्रभावित होगा। यदि उनका दूसरा सेगमेंट खाली है तब तक उन्हें हम प्रमोट कर सकते है।

BCL सिर्फ आपके Business को आगे नही बढ़ाएगी बल्कि आपके साथ परिवार की तरह रहेगी और आपके सुख दु:ख में हमेसा साथ खड़ी रहेगी और हर स्तर पर सहयोग करेगी।

BCL की टीम सभी के व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर भी जाएगी जिससे एक दूसरे के Business को समझ सके जिससे उसके प्रचार प्रसार को बल मिलेगा।



बेवसाइट के साथ साथ फेसबुक पेज होगा, यूट्यूब, ट्यूटर सहित अन्य सोसल मीडिया प्लेटफॉर्म पर आप सभी के व्यापार का प्रचार प्रसार होगा।


BCL की महीने में एक ऑफलाइन मीटिंग होगी जिसमें किसी भी BCL सदस्य से कोई भी फूडिंग चार्ज नही लिया जाएगा साथ ही समय समय पर BCL द्वारा अपने सभी चैप्टर के सदस्यों के लिए एक साथ ज्वाइंट मीटिंग भी आयोजित किया जाएगा, जिससे सभी चैप्टर के सदस्य एक दूसरे से जुड़ सकें और एक दूसरे के साथ परिवार के रूप में शामिल हो कर जरूरत पर एक दूसरे के सहयोगी बने। इस ज्वाइंट मीटिंग का भी कोई चार्ज नही लिया जाएगा।।

BCL टीम का उद्देश्य सिर्फ BCL सदस्यों के माध्यम से प्रत्यक्ष रूप से व्यापार बढ़ाना ही नही बल्कि अप्रत्यक्ष रूप से सभी का व्यापार कैसे बढ़े इस पर भी BCL काम करेगी।

BCL कोर टीम द्वारा अपने सभी सदस्यों के व्यापार को बढ़ाने के लिए शहर के विभिन्न RWA/सोसाइटी में विभिन्न माध्यमों से सभी के Business प्रमोशन किए जाएंगे जिससे एक प्लेटफार्म पर शहर की जनता को जरूरत की सभी सुविधाएं एवं सर्विसेज उपलब्ध हो सके।



# BCL की आपसे अपेक्षा क्या है?



छोटा हो या बड़ा Business यदि टीम का कोई सदस्य आपको Business देता है तो उसके बारे में ग्रूप में Thanks नोट लिखना न भूले क्योंकि इससे 2 फायदे होंगे एक तो BCL टीम उसे नोट करके रिकार्ड तैयार कर सकेगी जिससे लोग एक दूसरे को Business देने के लिए लोग प्रोत्साहित होंगे।

महीने में एक बैठक होगी लेकिन बैठक में आना अनिवार्य है आप नही आ पा रहे है तो अपने प्रतिनिधि को भेजे, यदि 3 बैठक में लगातार कोई सदस्य अनुपस्थिति रहता है तो माना जायेगा कि वह कार्य करने में जिम्मेदार नही है और उसकी सदस्यता समाप्त करते हुए उसके सेगमेंट को ओपन कर दिया जाएगा।

सभी को बैठक में समय से आना अनिवार्य होगा।

कोई किसी भी सदस्य को Business देने का कोई कमीशन आदि नही लेगा।

BCL को और कैसे अच्छा बनाया जाए इस सम्बंध में आपको कोई सुझाव लगे तो BCL टीम को व्यक्तिगत देने की कृपा करें। आपसे सुझाव पर बोर्ड में चर्चा होगी और फाइनली यदि वह सुझाव पसंद आये फिर उसे न सिर्फ लागू किया जाएगा बल्कि सार्वजनिक रूप से उस सुझाव के लिए आपको मीटिंग में क्रेडिट भी दिया जाएगा।




यदि गलती से किसी सेगमेंट का एक से अधिक सदस्य जुड़ गए हो या भविष्य में जुड़े तो उस पर BCL बोर्ड निर्णय लेगा और जिस सदस्य ने पहले वार्षिक सदस्यता जमा किया होगा उन्हें शामिल किया जाएगा और जो सदस्य बाद में सदस्यता शुल्क दिए होंगे, उन्हें sorry के साथ उनका पैसा वापस कर दिया जाएगा।

BCL आप सभी सदस्यों से अपेक्षा रखती है की एक दूसरे सदस्यों से मिले और एक दूसरे के व्यापार को समझे जिससे एक दूसरे के व्यापार को बढ़ाया जा सके।

BCL सदस्यों का दायित्व होगा कि वह अपने ग्रहकों को उचित दरों पर बेहतर सेवाएं दे, गुणवत्ता बनाएं रखें, सेवाओं में किसी भी तरह की कमी के लिए व्यापारी ज़िम्मेदार होंगे।





BCL सदस्यों को महीने की आखिरी तारीख को, पूरे महीने का रिकार्ड कि, आपने BCL परिवार के कौन कौन से सदस्यों को Business दिए है और आपको कौन कौन से सदस्यों ने Business दिए है, का विवरण ग्रुप में लिस्ट बनाकर पोस्ट करनी है जिससे पता चल सके की हमारे कौन कौन से ऐसे सदस्य है जिन्हे Business कम मिल रहा और उनके व्यापार को कैसे आगे बढ़ाया जाए साथ में उस महीने के सबसे अधिक Business देने वाले टाप 3 सदस्यों को अगले महीने की मीटिंग में सम्मानित किया जाएगा।



धन्यवाद

# BCL

Business Connect Lucknow